भारत सरकार
शिक्षा मंत्रालय
स्कूल शिक्षा और साक्षरता विभाग

लोक सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या -67
उत्तर देने की तारीख – 01/12/2025

केंद्रीय विद्यालयों और जवाहर नवोदय विद्यालयों में क्षेत्रीय भाषाएँ

†67. डॉ. शर्मिला सरकार:

क्या **शिक्षा** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) देश में केंद्रीय विद्यालयों (केवी) और जवाहर नवोदय विद्यालयों (जेएनवी) की राज्य/संघ राज्यक्षेत्र-वार कुल संख्या कितनी है;

(ख) क्या देश भर के सभी केवी और जेएनवी में स्थानीय भाषाओं को एक अनिवार्य विषय के रूप में शामिल करने पर विचार किया जा रहा है और यदि हाँ, तो इसके लिए क्या समय-सीमा निर्धारित की गई है; और

(ग) वर्तमान में केवी और जेएनवी में पढ़ाई जा रही स्थानीय भाषाओं का ब्यौरा क्या है, जिसमें प्रत्येक भाषा की पेशकश करने वाले स्कूलों की संख्या भी शामिल हो?

उत्तर

शिक्षा मंत्रालय में राज्य मंत्री
(श्री जयन्त चौधरी)

(क) देश भर में संस्वीकृत केंद्रीय विद्यालयों (केवि) और जवाहर नवोदय विद्यालयों (जनवि) का राज्य/संघ राज्य क्षेत्र-वार ब्यौरा **अनुलग्नक I** में दिया गया है।

(ख) नवोदय विद्यालय समिति: सभी नवोदय विद्यालयों में कक्षा VI से IX तक स्थानीय/क्षेत्रीय भाषा को अनिवार्य विषय के रूप में शामिल किया गया है।

केन्द्रीय विद्यालय संगठन: केवि मुख्य रूप से रक्षा और अर्धसैनिक कर्मियों, केंद्रीय स्वायत्त निकायों, केंद्रीय सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों (पीएसयू) और केंद्रीय उच्च शिक्षा संस्थान (आईएचएल) सहित केन्द्र सरकार के स्थानांतरणीय कर्मचारियों के बच्चों की शैक्षिक आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए पूरे देश में शिक्षा का एक समान कार्यक्रम संचालित करके खोले जाते हैं। केवि पूरे देश में केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) पर आधारित एक समान, केंद्रीकृत पाठ्यचर्या का अनुपालन करते हैं।

इसके अतिरिक्त, केंद्रीय विद्यालय संगठन (केविसं) की शिक्षा संहिता के अनुच्छेद 112 में क्षेत्रीय भाषाओं के शिक्षण का प्रावधान हैं, जिसके तहत क्षेत्रीय भाषा/मातृभाषा के शिक्षण के लिए अतिरिक्त व्यवस्था की जाती है, बशर्ते 15 या अधिक विद्यार्थी इसके लिए विकल्प चयनित करने के इच्छुक हों। इसके लिए अंशकालिक संविदा शिक्षक नियुक्त किए जाते हैं।

साथ ही, केविसं के बोर्ड ऑफ गवर्नर्स (बीओजी) द्वारा यथा अनुमोदित, सभी केवि को निर्देश दिया गया है कि वे बुनियादी और प्रारंभिक चरणों में बच्चों की सहायता के लिए आवश्यकता के आधार पर स्थानीय/क्षेत्रीय भाषा शिक्षकों को संविदा के आधार पर नियुक्त करें, विशेषकर तब जब उन्हें हिंदी या अंग्रेजी में पढ़ाई जाने वाली अवधारणाओं को समझने में कठिनाई हो।

(ग) केवि और जनवि में पढ़ाई जाने वाली स्थानीय भाषाओं तथा इन भाषाओं को पढ़ाने वाले स्कूलों की संख्या का ब्यौरा क्रमशः **अनुलग्नक II और III** में दिया गया है।

*****

अनुलग्नक I

'केंद्रीय विद्यालयों और जवाहर नवोदय विद्यालयों में क्षेत्रीय भाषाएँ' के संबंध में माननीय संसद सदस्य डॉ. शर्मिला सरकार द्वारा पूछे गए दिनांक 01.12.2025 के लोक सभा अतारांकित प्रश्न संख्या 67 के भाग (क) के उत्तर में उल्लिखित अनुलग्नक।

देश भर में संस्वीकृत केंद्रीय विद्यालयों (केवि) और जवाहर नवोदय विद्यालयों (जनवि) का राज्य/संघ राज्य क्षेत्रवार ब्यौरा

क्र. सं.	राज्य/संघ राज्य क्षेत्र का नाम	केवि की संख्या	जनवि की संख्या
1	अंडमान और निकोबार द्वीप समूह	02	03
2	आंध्र प्रदेश	48	15
3	अरुणाचल प्रदेश	21	26
4	असम	59	34
5	बिहार	72	39
6	चंडीगढ़	05	01
7	छत्तीसगढ़	41	28
8	दादरा और नगर हवेली तथा दमन और दीव	02	03
9	दिल्ली	47	09
10	गोवा	05	02
11	गुजरात	50	34
12	हरियाणा	36	21
13	हिमाचल प्रदेश	32	12
14	जम्मू और कश्मीर	51	21
15	झारखंड	45	26
16	कर्नाटक	56	32
17	केरल	40	14
18	लक्षद्वीप	01	01
19	लद्दाख	03	02
20	मध्य प्रदेश	127	54
21	महाराष्ट्र	63	35
22	मणिपुर	09	14
23	मेघालय	07	12
24	मिजोरम	04	08
25	नागालैंड	05	11
26	ओडिशा	82	31
27	पुडुचेरी	04	04
28	पंजाब	52	23
29	राजस्थान	88	35
30	सिक्किम	02	04
31	तमिलनाडु	49	--*
32	तेलंगाना	39	16
33	त्रिपुरा	12	08
34	उत्तर प्रदेश	134	76
35	उत्तराखंड	50	13
36	पश्चिम बंगाल	62	22
	कुल	**1405**	**689**

* तमिलनाडु राज्य (**38** जिले) ने अभी तक नवोदय विद्यालय योजना को स्वीकार नहीं किया है।

*****

अनुलग्नक-II

'केंद्रीय विद्यालयों और जवाहर नवोदय विद्यालयों में क्षेत्रीय भाषाएँ' के संबंध में माननीय संसद सदस्य डॉ. शर्मिला सरकार द्वारा पूछे गए दिनांक 01.12.2025 के लोक सभा अतारांकित प्रश्न संख्या 67 के भाग (ग) के उत्तर में उल्लिखित अनुलग्नक।

केवि में पढ़ाई जा रही स्थानीय भाषाओं और इन भाषाओं को पढ़ाने वाले स्कूलों की संख्या का ब्यौरा

क्र.सं.	**पढ़ाई जाने वाली क्षेत्रीय भाषा(भाषाओं) का नाम**	**केवि की संख्या**
01	गुजराती	04
02	कन्नड़	48
03	पंजाबी	55
04	तमिल	36
05	मलयालम	42
06	असमिया	26
07	बोडो	02
08	मराठी	08
09	बंगाली	03
10	मणिपुरी	02
कुल		226

*****

अनुलग्नक – III

'केंद्रीय विद्यालयों और जवाहर नवोदय विद्यालयों में क्षेत्रीय भाषाएँ' के संबंध में माननीय संसद सदस्य डॉ. शर्मिला सरकार द्वारा पूछे गए दिनांक 01.12.2025 के लोक सभा अतारांकित प्रश्न संख्या 67 के भाग (ग) के उत्तर में उल्लिखित अनुलग्नक ।

जनवि में पढ़ाई जाने वाली स्थानीय भाषाओं और इन भाषाओं को प्रस्तुत करने वाले स्कूलों की संख्या का ब्यौरा

क्र.सं.	पढ़ाई जाने वाली भाषा	जनवि की संख्या
1	असमिया	51
2	बांग्ला	28
3	बोडो	4
4	गारो	5
5	गुजराती	37
6	हिंदी	318
7	कन्नड़	31
8	खासी	7
9	मलयालम	16
10	मणिपुरी	14
11	मराठी	36
12	मिज़ो	8
13	नेपाली	5
14	ओडिया	31
15	पंजाबी	24
16	तमिल	2
17	तेलुगु	31
18	उर्दू	17
कुल		**665**

*****